तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 10 जनवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 तीजन बाई की बिगड़ती सेहत को सरकार की संजीवनी की दरकार



12 पुलिस अधीक्षक ने मातहतों की ली बैठक



# कलेक्टर एवं एसपी ने संत समागम मेला स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं एसपी भावना गुप्ता ने सोमवार को जिला मुख्यालय के समीप ग्राम लोलेसरा में 12 जनवरी से आयोजित होने वाले चार दिवसीय कबीर पंथी संत समागम मेला स्थल का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने मौजूद अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिए। उन्होंने मंच व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था के कार्य क्रो समय से पहले करने क्रो कहा। एसपी भावना गुप्ता ने सुरक्षा व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा मेला के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने मातहत अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए। बता दें कि लोलेसरा में होने वाले आयोजन की विशालता का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदेश से ही नहीं, अन्य प्रदेशों से भी काफी तादाद में कबीर पंथ के अनुयायी शामिल होते हैं। इस आयोजन की चर्चा अब दूर दूर तक होने लगी है।

**ये भी रहे उपस्थित :** निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अपर कलेक्टर डा. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री सुरुचि सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, थाना बेमेतरा प्रभारी अजय कुमार सिन्हा, मुख्य कार्यपालन अभियंता निर्मल सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**खास बातें**

- आयोजन की आवश्यक तैयारियों को समय पर पूर्ण करने
- सुरक्षा व पार्किंग व्यवस्था के दिए निर्देश



## खबर संक्षेप

### संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा संण्डी में 12 से

**बेमेतरा।** संकुल केंद्र सलधा डंगनिया ब का संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का ग्राम संण्डी में 12 जनवरी से 13 तक आयोजन किया जाएगा। जिसमें संकुल के अंतर्गत आने 13 स्कूल के बच्चे सम्मिलित होंगे। अलग अलग खेल विधा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी संकुल समन्वयक राजा सिंह वर्मा ने देते हुए बताया कि खेल में पारदर्शिता रहे इसके लिए अलग अलग समिति का निर्माण किया गया है।इस संकुल स्तरीय प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ग्राम के सरपंच निर्मला सेवा साहू और विशिष्ट अतिथि जयप्रकाश करमाकर बीईओ बेरला, खोमलाल साहू बीआरसी बेरला और ग्राम के नागरिक उपस्थित रहेंगे। खेल की तैयारी जोरशोर से चल रही है, तैयारियां लगभग पूर्णता की ओर है।

### आज जिला मुख्यालय में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन

**बेमेतरा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला मुख्यालय के बेसिक मैदान 10 जनवरी को पहुंचेगी। सुबह 10.30 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन होगा। विभिन्न विभाग के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। शिविर में विभागीय अधिकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। साथ ही योजना का लाभ लेने आए हुए पात्र हितग्राही क्रो त्वरित रूप से शिविर स्थल पर योजना का लाभ दिलाएंगे । शिविर मे आधार कार्ड और आयुष्मान्य कार्ड भी बनाए जाएंगे। ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जाँच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बेसिक स्कूल मैदान में रथ के स्वागत के लिए टैंट और आवश्यक बैठक व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है ।

### गोरकापार-चीचा में कल होगा मड़ई

**अंडा।** ग्राम पंचायत गोरकापार (चीचा) में मड़ई मेला का आयोजन कल 11 जनवरी दिन गुरूवार को रखा गया है। बाजार ठेकेदार भीखम प्रधान ने बताया कि इस मंडाई मेला के अवसर पर रात्रि 10 बजे लथमर्रा डोंगरगढ़ वालों का छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### ओडारसकरी में 13 से होगा मानसगान

**अंडा।** शान्ति निकेतन युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी ओडारसकरी के तत्वावधान में 13 जनवरी से दो दिवसीय मानसगान का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन में मुख्य अतिथि अनिल सोनी जनपद सदस्य गुण्डरदेही, अध्यक्षता केशर निर्मलकर सरपंच ग्राम पंचायत ओड़ारसकरी, विशेष अतिथि जे. आर. सिन्हा, चेतन यादव, एस. आर. सिवना समिति प्रबंधक सेवा. सह. ओड़ारसकरी, नरेन्द्र यादव, विजय यादव, मिलाप ठाकुर, कामता सिन्हा, विजय सिन्हा (चीचा), केमीन सिन्हा, सुश्री रमा मरावी उपस्थित रहेगें।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में जिले के पांच निकायों का चयन

**बालोद।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान की जाने वाली विभिन्न पुरस्कारों के लिए बालोद जिले के 5 नगरीय निकायों के अंतर्गत नगर पालिका बालोद एवं दल्लीराजहरा सहित नगर पंचायत गुण्डरदेही, अर्जुंदा एवं चिखलाकसा का चयन किया गया है। इन सभी चयनित नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को 11 जनवरी 2024 को भारत मण्डपम कन्वेंशन सेंटर, आईटीपीओ नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## आवंटन : चार साल से अटकी थी 15वें वित्त की राशि

# जिला पंचायत सदस्यों को विकास कार्य के लिए जारी हुए 12 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में भाजपा सरकार बनने से जिला पंचायत में कांग्रेस शासन काल के 4 सालों से पेंडिंग 15वें वित्त की राशि 12 करोड़ रुपए को जारी कर दिया गया है। इसके उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सदस्यगणों ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व पंचायत मंत्री विजय शर्मा एवं कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल से मुलाकात कर आभार जताया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता साहू, सभापति अंजू बघेल, गोवेंद्र पटेल, उपाध्यक्ष अजय तिवारी, पोषण वर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

- बहुमत में रहने के बाद भी भाजपा सदस्यों को नहीं मिली थी राशि

गौरतलब हो कि जिला पंचायत में भाजपा का बहुमत रहा है और अध्यक्ष से लेकर सभापति पद पर भाजपा के सदस्य काबिज हैं, पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी । कांग्रेस के नेताओं एवं जिले के उस वक्त के प्रभावशाली मंत्री की दखलअंदाजी के कारण सदस्यों के बीच 15 वें वित्त की 12 करोड़ राशि विकास कार्य के लिए नहीं बंट नहीं पाई थी। उक्त राशि को लेकर जहां भाजपा के जिला पंचायत सदस्य 4 सालों तक आंदोलन की राह पर चलते रहे वहीं कुछ जिला पंचायत सदस्यों के ऊपर धाराएं लगाई गई और जेल भी जाना पड़ा था। जिला पंचायत में बहुमत से काबिज भाजपा के जिला पंचायत सदस्यों ने प्रदेश में सरकार आने के बाद 4 वर्षों से अटकी 12 करोड़ की राशि को जिला पंचायत के क्षेत्र में विकास कार्य के लिए सदस्यों को बांटे जाने का बहुमत से प्रस्ताव पारित कर दिया। जिससे पंचायत मंत्री ने 15 मिनट में उक्त प्रस्ताव पर सहमति देते हुए राशि जारी कर दी।

उप मुख्यमंत्री शर्मा, मंत्री बघेल का सदस्यों ने जताया आभार



### राशि के लिए संघर्ष करते भाजपाई पहुंचे थे जेल

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और जिले में तीनों विधानसभा में कांग्रेस का कब्जा था। परंतु जिला पंचायत में भाजपा का बहुमत रहा। जिला पंचायत में भाजपा सदस्य बहुमत से रहने के बावजूद 15 वें वित्त की राशि का उपयोग अपने-अपने क्षेत्र में नहीं कर पा रहे थे। बहुमत से सदस्यों के बीच राशि को बांटे जाने के बावजूद भी कांग्रेस नेताओं के दबाव में जारी नहीं किया जा रहा था। जिसे लेकर भाजपा के सदस्य उक्त राशि को लेकर कई मर्तबा सड़क की लड़ाई भी लड़ते रहे। एक बार तो जिला पंचायत कार्यालय में विरोध स्वरूप तालाबंदी भी कर दी गई थी। 4 सालों तक राशि को लेकर संघर्ष करने के बावजूद भी उक्त राशि जिला पंचायत के सदस्यों को जारी नहीं किया गया । आंदोलन करने के चलते जिला पंचायत सदस्य व सभापति अंजू बघेल, गोवेंद्र पटेल, राहुल टिकरिया सहित अन्य सदस्यों को जेल भी जाना पड़ा था।

# पोट्ठ लईका अभियान में 72 प्रतिशत बच्चे हुए कुपोषण से मुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अनुविभाग बेमेतरा के 37 ग्राम, 76 आंगनबाड़ी केन्द्र में सुश्री सुरुचि सिंह की पहल व देखरेख में दिसम्बर 2022 से पोट्ठ लईका अभियान शुरू किया गया था। उक्त अभियान एक पोषण परामर्श अभियान है। उक्त अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाईजर, मितानीन, ग्राम के सक्रिय महिला को यूनिसेफ से ट्रेनिंग कराया गया है एवं सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार के दिन पालक चौपाल किया जाता है एवं पालको को तिरंगा भोजन की जानकारी दी जाती है।

- 37 ग्राम के 76 आंगनबाड़ी में चलाया गया अभियान

इस दौरान पोषण परामर्श और बहुत सूक्ष्म स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग करते हैं। यह मिशन एक शून्य लागत मिशन है जो कुपोषित बच्चों के माता-पिता के पोषण परामर्श पर केंद्रित है। इससे साबित होता है कि आप मेहनत से और बिना किसी खर्च के बच्चों की जिंदगी बदल सकते हैं। उक्त अभियान के अंतर्गत 37 ग्राम के 76 आंगनबाड़ी केन्द्र के 930 मध्यम कुपोषित बच्चे एवं 184 गंभीर कुपोषित बच्चे कुल 1114 बच्चे का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें से 769 बच्चे मध्यम कुपोषित से सामान्य एवं 32 बच्चे गंभीर कुपोषित से सामान्य में आये हैं। कुल 801 बच्चे कुपोषण से मुक्त होकर सामान्य ग्रेड में आये हैं। मध्यम कुपोषित से सामान्य में 82.68 प्रतिशत बच्चे आये है तथा गंभीर कुपोषित से सामान्य में 17.39 प्रतिशत बच्चे आये है। कुल 71.90 प्रतिशत बच्चे कुपोषण से मुक्त हुए है। इसके अतिरिक्त अन्य आंगनबाड़ी केन्द्र जहां पर पोट्ठ लईका अभियान संचालित नहीं है (कन्ट्रोल ग्रुप) में गंभीर कुपोषित से सामान्य में एक भी बच्चा नहीं आये हैं। इन आकड़ों से सिद्ध होता है कि अनुविभाग बेमेतरा में पोट्ठ लईका अभियान का योगदान कुपोषित बच्चे को कुपोषण मुक्त करने में बहुत ही सराहनीय है।

# विशाल मानस यात्रा की तैयारी को लेकर शक्तिकेन्द्र तीन की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थानखम्हरिया समीपस्थ ग्राम गुवारा के किसान भवन में मानस संगठन ब्लाक साजा शक्ति केन्द्र 3 की बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई। बैठक प्रभु श्री रामचन्द्र के पूजा अर्चना से शुरू हुई। बैठक में विशाल मानस यात्रा-ब्लाक साजा की योजना, रूपरेखा, बजट और तैयारियों को लेकर चर्चा हुई ।

यात्रा मानस संगठन साजा के ब्लाक अध्यक्ष भरत साहू एवं पदाधिकारियों के नेतृत्व में तथा साजा ब्लाक के 10 शक्ति केंद्रों से लगभग 195 मानस मंडलियों के सहयोग से निकाली जाएगी, जिसकी तिथि फरवरी माह में संभावित हैं। तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। साथ ही आगामी बैठक 18 जनवरी को ग्राम बरगा के सार्वजनिक मंच पर निर्धारित की गई है। विज्ञप्ति के माध्यम से मीडिया प्रभारी श्रवण साहू ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से यात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य अर्जन करने की अपील की है।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में शक्ति केन्द्र 3 अध्यक्ष सुरेश साहू , उपाध्यक्ष दिनदयाल निषाद, खेलन सिंह राजपूत , कन्हैयालाल पाल, होरीलाल पाल ,जानुराम यादव, अंजोर साहू , सीता पाटिल, नारायण सिंह, रामजी, चेतन सिन्हा, घनश्याम ध्रुर्वे , वासुदेव सोनवानी, चेतन साहू, अजय साहू सहित मानस मंडलियों के लोग उपस्थित रहे।

# अयोध्या से पहुंचे अक्षत व निमंत्रण पत्र को घर-घर बांटा



**बेमेतरा।** अयोध्याधाम में 22 जनवरी को श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे शहर के लोगों में खुशी दिखाई दे रही है। शहर में 22 जनवरी को लेकर सर्व समाज के लोगों द्वारा उत्साह मनाने को लेकर विभिन्न स्थानों में तैयारी की जा रही है।

बेमेतरा राममंदिर और भद्रकाली मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा के दिन विविध आयोजन किया गया है। मंगलवार को कृष्ण विहार कॉलोनी में अयोध्याधाम से पहुंचे अक्षत और निमंत्रण पत्र को रामभक्तों के द्वारा घर-घर जाकर पहुंचाया गया। 22 जनवरी को हर घर में दीपक जलाकर रंगोली बनाकर पटाखे जलाकर उत्सव मनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा, आदित्य सिंह राजपूत, हर्षवर्धन तिवारी, नीतू कोठारी, विजय सुखवानी, राकेश मोहन शर्मा, अमेरिका निर्मलकर, गणेश अग्रवाल, अनिल शर्मा, भास्कर तिवारी, पारस वैष्णव, भावेश शर्मा सहित सेवा में लगे रामभक्त उपस्थित थे ।



### कोबिया में निकल रही प्रभातफेरी

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के कोबिया में श्रीराम सेवा समिति नवधा रामायण के नजदीक आते ही सदस्य रोज सुबह 5 बजे वार्ड में निकल रहे है । प्रभातफेरी जिसमें प्रभु श्रीराम की फोटो रखकर ढोल मंजिरों की धुन के साथ श्री राम की महिमा का गुनगान कर रहे हैं। जिसमें वार्डवासी नारियल चांवल भेट करते हैं समिति संयोजक कमलेश वर्मा ने बताया की यह पूर्वजों की पुरानी परम्परा हैं, जिसे जय जय श्री राम सेवा समिति के सदस्य पूरी लगन से निभा रहे हैं। इस अवसर पर समिति संयोजक कमलेश वर्मा,अध्यक्ष राजा वर्मा,उपाध्यक्ष सुखेन वर्मा,ललित यादव,कोषाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, सचिव गणेश यादव ,सहसचिव शिव प्रताप वर्मा , परमेश्वर वर्मा,तकेश्वर वर्मा, राजकुमार, डोमन पाल, देवनाथ पाल,संतोष वर्मा, निलेश वर्मा,दादू वर्मा,गोविन्द पाल, शिवा यादव,उत्तम वर्मा उपस्थित रहे ।

## समय-सीमा की बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश

# लंबित प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई । बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय ढंग से मनाने के लिए जिलाधीश ने मातहतों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी।

- गणतंत्र दिवस की तैयारियों के लिए मातहतों को दी जिम्मेदारी

बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात अर्द्ध सैनिक बलों, पुलिस एवं नगर सेना की टुकडियों द्वारा सलामी दी जायेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यपालन, पशुपालन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन इत्यादि विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों एवं विभागीय गतिविधियों पर आधारित आकर्षक झांकी प्रदर्शित की जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह में शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन करने के लिए विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।



**संकल्प यात्रा की समीक्षा की :** बैठक में उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की विस्तृत समीक्षा की। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### स्वास्थ्य सुविधा रखें दुरुस्त

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के सीएससी और पीएससी केंद्र में दवाई की उपलब्धता के संबंध में पूछा। इस दौरान मरीजों के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की भी जानकारी ली साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी को चिकित्सालय व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी से कहा कि वार्ड में पहुंचकर मरीजों के उपचार एवं व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

**पेयजल की न हो समस्या:** उन्होंने जल संसाधन विभाग को जिले में हो रहे नल जल योजना के तहत सम्पूर्ण ग्राम व शहरी क्षेत्रों में पानी की सप्लाई को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने को कहा। और कहा कि जिले के प्रत्येक चिन्हित शहरी क्षेत्र से लेकर प्रत्येक ग्राम व ग्राम पंचायत में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए।

### अब तक खरीदा गया 5 लाख मीट्रिक टन धान

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 1 लाख 49 हजार 166 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 1 लाख 13 हजार 386 किसानों द्वारा कुल 5 लाख 12 हजार 793 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 1123 करोड़ 08 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 4 लाख 38 हजार 979 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 3 लाख 09 हजार 491 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 2 लाख 3 हजार 302 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5291 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 21 हजार 382 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप




### प्रोजेक्ट की लागत रुपयों में नहीं लाख रुपए में बताएं- रेरा

**रायपुर।** रियल एस्टेट रेग्युलारिटी अथारिटी (रेरा) ने एक आदेश जारी कर कहा है कि प्रमोटर्स अपने प्रोजेक्ट की लागत रुपयों में नहीं, लाख रूपए में दर्शाएं। बताया गया है कि रेरा प्राधिकरण द्वारा गठित विभिन्न हितधारकों की संयुक्त समिति द्वारा प्रस्तुत सुझावों के माध्यम से प्राधिकरण के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि प्रमोमोटर्स द्वारा इंजीनियर प्रमाणपत्र (एनेक्चर-4) के दस्तावेज में प्रमाणपत्र की तालिका-एबीसी में प्रोजेक्ट की लागत को रुपये में दर्शाया जाता है, जबकि एनेक्चर-5 में सीए द्वारा जारी प्रमाणपत्र में लाख रुपये में दर्शाया जाता है। इस संबंध में समिति द्वारा प्रस्तुत सुझावों से सहमत होते हुये भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा-37 में प्रदत्त शक्तियों प्रयोग करते हुए यह निर्देश जारी किया किया गया है कि प्रमोटर्स को इंजीनियर प्रमाणपत्र (एनेक्चर-4) में भी लागत राशि को लाख रुपये में दर्शाना होगा।

### बिरगांव-उरकुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर



**रायपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत नगर निगम बिरगांव क्षेत्र के उरकुरा और बिरगांव में शिविर का आयोजन किया गया। उरकुरा में सांसद सुनील सोनी और बीरगांव में महापौर नंदलाल देवांगन शामिल हुए। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के 320, प्रधानमंत्री स्वनिधि के 70, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 357, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 409 आवेदन प्राप्त किए। साथ ही आधार कैंप में 125 प्रधानमंत्री आयुष्मान 194 पंजीयन कराया। इस दौरान 650 लोगों का स्वास्थ्य सिकल एवं टीबी सुगर बीपी परीक्षण किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों ने अपनी जुबानी सफलता की कहानी भी सुनाई गई। इस दौरान 75 लोगों ने क्विज में भी हिस्सा लिया।

### विकास का एकमात्र मूलमंत्र है शिक्षा



**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने नागपुर स्थित ऐतिहासिक दीक्षाभूमि में जाकर संविधान के शिल्पकार बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन चरित्र पर आधारित प्रदर्शित फोटो-चित्र करीब से देखे और उनके संघर्ष को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी इस स्थल पर पहुंचे थे। स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए अधिवक्ता श्री नायक ने कहा, बाबा साहब के बताए अनुसार शिक्षा ही एकमात्र विकास का मूलमंत्र है। बच्चे बाबा साहब के जीवन संघर्ष को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ें और अपने भविष्य को सुनहरा बनाएं।

### सड्डू बीएसयूपी कालोनी में पहली रजिस्ट्री

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के अंतर्गत बीएसयूपी आवासीय कॉलोनी वृन्दावन में ब्लॉक नंबर 5 के मकान नंबर 6 के रहवासी मकान मालिक पुष्पा मार्कण्डेय के नाम से पहली रजिस्ट्री दर्ज की गयी। जोन 9 के सहायक राजस्व अधिकारी विजय कुमार शर्मा ने बताया कि सड्डू बीएसयूपी कॉलोनी में पहली रजिस्ट्री दर्ज की गयी है, जो कि पुष्पा मार्कण्डेय के नाम से है। राजस्व विभाग ने केंद्र प्रवर्तित बीएसयूपी योजनाओं की सभी आवासीय कॉलोनियों के रहवासी मकान मालिकों से जल्द मकानों की संपूर्ण किस्त राशि का एकमुश्त भुगतान करके अपने मकान की रजिस्ट्री करवाने अनुरोध किया है। ऐसा करने पर बीएसयूपी आवासीय कॉलोनियों के रहवासी मकान मालिकों को बड़ी राहत मकानों की रजिस्ट्री के सौगात सहित मिल सकेगी।

# 11 को प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक लेंगे प्रदेश प्रभारी पायलट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट 11 जनवरी को प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। अपने दौरे के दौरान प्रदेश कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों से रूबरू होंगे। उसी दिन दोपहर 3 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रखी गई है। बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी, आगामी लोकसभा चुनाव पर चर्चा की जायेगी।

कार्यकारिणी की बैठक में संगठन में रिक्त पदों पर नई नियुक्ति सहित कई मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के संबंध में भी विधायकों और प्रत्याशियों से चर्चा किए जाने की संभावना है। विधानसभा चुनाव में हार के कारणों के जानने के बाद आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में समस्त एआईसीसी सदस्य, विधायक, प्रत्याशियों, जिला, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित मोर्चा, संगठन, प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता विशेषरूप से उपस्थित रहेंगे।

**संगठन में होगी नई नियुक्ति :** प्रदेश संगठन में प्रदेश महामंत्री और मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्षों के तीन से चार पदों पर नियुक्ति नए प्रभारी की अनुमति से पीसीसी द्वारा की जाएगी। बताया जाता है कि प्रदेश संगठन में महासचिव के तीन-चार पद पहले से रिक्त हैं। साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष और मोर्चा-प्रकोष्ठ के कुछ पदों पर नियुक्ति होगी।

### भारत जोड़ों न्याय यात्रा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा



#### चुनाव के लिए पार्टी को खड़ा करना बड़ी चुनौती

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ कांग्रेस का प्रभारी बनाए जाने के बाद उनका यह पहला प्रदेश दौरा होगा। पायलट की नियुक्ति के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन में नए सिरे से फेरबदल किया जा सकता है। आगामी लोकसभा चुनाव के पहले इसे पूरा कर लिया जाएगा। जिला और ब्लॉक अध्यक्षों के साथ प्रदेश पदाधिकारियों को बदला जा सकता है। जिला कांग्रेस के उन अध्यक्षों को भी हटाया जा सकता है, जहां पर पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश कांग्रेस की अंतर्कलह खुलकर सामने आई है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी को खड़ा करना नए प्रदेश प्रभारी के लिए पहली चुनौती होगी।

### राज्य सरकार ने किसानों को 25 दिसंबर को बांटा था धान का बोनस

# कोई गुजर चुका, किसी का खाता बंद-आधार लिंक नहीं, ऐसे सैकड़ों किसानों के खातों में नहीं पहुंचा 2 साल का बोनस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर जिले में 25 दिसंबर को किसानों को वर्ष 2014 एवं 2015 का धान बोनस की राशि वितरण किया गया था। यह राशि सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर की गई थी। जिन किसानों के खातों में राशि ट्रांसफर की गई है, उनमें ऐसे कई किसान भी थे, जिनके बैंक खाते लेनदेन नहीं होने या मृत्यु होने के कारण बंद हो चुके हैं, वहीं कइयों के खाते आधार से लिंक नहीं हो पाए हैं। बोनस राशि नहीं मिलने के कारण ये किसान अब धान खरीदी सोसाइटियों, तहसीलदारों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। हालांकि शासन के निर्देश पर प्रशासन ने ऐसे पात्र किसानों को दोबारा राशि ट्रांसफर करने का फरमान जारी किया है। इसके लिए छूटे किसानों का फिर से सत्यापन कराया जा रहा है। इसके लिए तहसीलदारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। तहसीलदार किसानों का पंजीयन, मृत्यु प्रमाणपत्र, सदस्यों का सहमति पत्र से लेकर उनके खातों व आधार का सत्यापन कर रहे हैं।

**केस 1**

#### 412 में 128 किसानों को नहीं मिला बोनस

सेजबहार-बोरियाकला धान सोसाइटी क्षेत्र के 412 किसानों के खातों में कुल एक करोड़ 23 लाख 77 हजार 880 रुपए की राशि ट्रांसफर की गई थी। इनमें से 128 किसानों के खातों में राशि ट्रांसफर नहीं हुई है। जिन किसानों को राशि ट्रांसफर नहीं हो पाई है, उनमें कई किसानों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि कइयों के खाते बंद एवं आधार से लिंक नहीं है।



**केस 2**

#### 150 किसानों के खातों में नहीं पहुंची राशि

खिलौरा-खोरपा सोसाइटी क्षेत्र के 150 किसानों के खातों में धान बोनस की राशि ट्रांसफर नहीं हो पाई है। इन किसानों में भी कईयों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि कइयों के खाते बंद हैं।

**केस 3**

#### 306 में 106 किसानों को नहीं मिली बोनस राशि

ग्राम दतरेंगा सोसाइटी क्षेत्र के 306 किसानों के खातों में बोनस राशि ट्रांसफर की गई है। इनमें से 106 किसानों को बोनस राशि नहीं मिल पाई है, क्योंकि इनमें भी कई किसान की मृत्यु हो चुकी है, जबकि कइयों के खातें बंद या आधार से लिंक नहीं है।

#### पुरानी सूची का सत्यापन किए बिना कर दी राशि ट्रांसफर

*पुरानी पंजीकृत सूची के अनुसार किसानों के खातों में राशि ट्रांसफर की गई है। इसके कारण कई किसानों को बोनस नहीं मिल पाया है।*

*- विजय ठाकुर*
*अध्यक्ष*
*सेजबहार-बोरियाकला धान सोसाइटी*

#### 264 करोड़ 79 लाख 45 हजार बोनस राशि बांटी गई

रायपुर जिले के खरीफ वर्ष 2014-15 और 2015-16 की धान बोनस की अटकी राशि किसानों को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के दिन 25 दिसंबर को बांटी गई थी। इस दिन लगभग 264 करोड़ 79 लाख 45 हजार रुपए की राशि सीधे जिले के किसानों के खातों में ट्रांसफर कराई गई थी, लेकिन यह राशि कई सोसाइटी क्षेत्र के किसानों के खातों में पहुंच नहीं पाई है।

#### बिना सत्यापन पुरानी सूची के आधार पर कर दी गई राशि ट्रांसफर

खरीफ वर्ष 2014 और वर्ष 2015 में किसानों को धान बोनस नहीं दिया गया था। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही दो साल का पुराना बोनस किसानों को देने का निर्णय लिया। इसके लिए किसानों के नाम की सूची भी तैयार की गई, लेकिन जानकर हैरानी होगी कि इस सूची में वर्ष 2014 और 2015 में पंजीकृत उन सभी किसानों के नाम जोड़े गए हैं, जिन्हें बोनस की राशि मिलनी थी। सूची तैयार करने से पहले किसान जीवित है या नहीं, मृत्यु हो चुकी है, तो मृत किसान ने किसे नॉमिनी बनाया है। खाता चालू है कि नहीं, चालू है तो दुरुस्त है या नहीं, इसका कोई सत्यापन नहीं किया गया है। इस कारण से कई किसानों के खातों में ट्रांसफर होने के बाद भी राशि पहुंच नहीं पाई है।

### अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह, सत्यसाईं हास्पिटल लगाएगा चिकित्सा शिविर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने आने वाले आंगतुकों को सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी। चिकित्सा शिविर के माध्यम से लोगों को हृदय संबंधित विशेष के साथ सामान्य सेवाएं भी प्रदान की जाएगी। चिकित्सा शिविर में शामिल होने के लिए 11 जनवरी को पहली टीम नवा रायपुर से रवाना होगी। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में देश-विदेश से श्रद्धालु शामिल होने पहुंचेंगे। अयोध्या में जुटने वाली भीड़ और जनवरी फरवरी की ठंड को देखते हुए वहां सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का इंतजाम किया जा रहा है। शिविर में देशभर के सत्यसाईं हास्पिटल के चिकित्सक, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ अपनी सेवा देंगे। शिविर की तैयारियों को लेकर नवा रायपुर सत्यसाईं हास्पिटल की टीम पिछले दिनों अयोध्या गई थी। भगवान राम के ननिहाल माने जाने वाले छत्तीसगढ़ में मौजूद सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल का पहला चिकित्सकीय दल 11 जनवरी को अयोध्या के लिए रवाना होगा। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जुटने वाली भीड़ के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय द्वारा श्री सत्यसाईं संजीवनी स्वास्थ्य और शिक्षा ट्रस्ट बेंगलुरु के अध्यक्ष सी. श्रीनिवास से 15 जनवरी से फरवरी अंत तक तीर्थयात्रियों को चिकित्सा सेवा प्रदान करने का अनुरोध किया गया था।

# नए विधायकों को ऑनलाइन सवाल पूछने का सिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर




छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों को आगामी बजट सत्र के दौरान पूछे जाने वाले सवालों की सूचनाएं, ऑनलाइन सवाल पूछने का हुनर सिखाया गया। विधानसभा स्थित मुख्य समिति कक्ष में सोमवार को एनआईसी के सहयोग से विधायकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

- विधानसभा में दिया गया प्रशिक्षण

इस दौरान विधायकों को ऑनलाइन सवाल प्रस्तुत करने सैद्धांतिक और व्यावहारिक विषयों पर पूरी जानकारी दी गई। नवनिर्वाचित विधायक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम इस ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र में शामिल हुए। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि नवनिर्वाचित विधायकों की सुविधा के लिए विधानसभा सचिवालय की पेपरलेस कार्यप्रणाली, पर्यावरणीय महत्व के इस कदम को षष्ठम विधानसभा में भी अनवरत जारी रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण सत्र के अतिरिक्त विधायकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रश्नों की सूचनाएं प्रस्तुत करने विधानसभा की वेबसाइट पर संपूर्ण प्रक्रिया की पूरी जानकारी पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन वीडियो, सरल शब्दों में एक पृथक संक्षिप्त वीडियो, दिशा-निर्देश एवं एक हेल्प मैनुअल भी उपलब्ध कराया गया है।

विधायक सरलता से अपने विधानसभा क्षेत्र या गृह स्थान से ही निर्धारित तिथि एवं समय पर बिना रायपुर विधानसभा आए ऑनलाइन अपने प्रश्नों को प्रस्तुत कर सकते हैं।

# गृहमंत्री शर्मा बोले - अपराध नियंत्रित करने समस्या को जड़ से खत्म करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी में पिछले कुछ समय से घट रही अपराधिक घटनाएं जिसमें हत्या जैसी वारदात शामिल है, इसे लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा ने बयान जारी कर कहा है कि अपराधिक घटनाएं घटित होने का मूल कारण सूखा नशा तथा अवैध शराब है। गृहमंत्री ने अपराध रोकने उसके मूल को पहले समाप्त करने की बात कही।



- राजधानी में हत्या सहित लगातार घट रही अपराधिक घटानाओं को लेकर गृहमंत्री ने बयान जारी किया

गृहमंत्री ने अपने बयान में हत्या सहित अन्य अपराधों की जांच जारी है। पुलिस को जल्द ही जांच पूरी करने के निर्देश देने की बात गृहमंत्री ने कही है। गृहमंत्री के मुताबिक पुलिस को पूरी ताकत के साथ शराब तथा गांजा सहित अन्य सूखा नशा की अवैध बिक्री रोकने के लिए कहा गया है। गृहमंत्री के मुताबिक रायपुर के दो अलग-अलग मैप तैयार किए गए हैं, जहां शराब तथा गांजा का अवैध कारोबार ज्यादा हुआ है। गृहमंत्री के मुताबिक अपराध पर अंकुश लगाने सबसे पहले सूखा नशा तथा शराब की अवैध बिक्री को रोकना होगा, तभी अपराध पर अंकुश लगेगा।

# मूणत बोले- रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह पशिचम विधानसभा में पर्व की तरह मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में आहूत बैठक में फैसला किया गया, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पश्चिम विधानसभा में पर्व की तरह मनाया जाएगा।

- चारों मंडलों में बड़ी स्क्रीन पर होगा अयोध्या के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

श्री मूणत ने कहा, आने वाले दिनों में बहुत से कार्यक्रम जो संगठन से जुड़े हैं, उसमें हम सभी को अपनी पूर्ण सहभागिता देनी है, क्योंकि हमने चुनाव जीता जरूर है, परंतु लक्ष्य अभी अधूरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। पश्चिम विधानसभा के 268 बूथों में से ग्यारह बूथों पर हम विपक्षियों से पिछड़ गए हैं, हम सभी को मिलकर उसका मंथन कर लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत बूथों पर बढ़त लाकर नया मील का पत्थर स्थापित करना है। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। हम सभी को इस अवसर को बेहद विशेष बनाना है। हर हिंदू परिवार को इस पर्व से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। रायपुर पश्चिम के सभी 20 वार्डों में 17 से लेकर 19 जनवरी तक प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। चारों मंडल के प्रमुख 4 स्थानों पर मंदिर के उद्घाटन का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाया जाएगा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सभी 268 बूथों पर झंडा वंदन का कार्यक्रम भी तय है। बैठक में जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, गोवर्धन खंडेलवाल, मीनल चौबे, चन्नी वर्मा, अशोक पांडे, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, आशु चंद्रवंशी, अनिल सोनकर, भूपेंद्र ठाकुर, श्रीनिवास राव, गोविंदा गुप्ता, गोपी साहू , महेश बैस, स्त्यम दुवा, बजरंग खंडेलवाल, वंदना राठौड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हसदेव अरण्य में जंगल कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए, खदान निरस्त हो : कांग्रेस

# हसदेव पर सियासत, पेड़ों की कटाई पर भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हसदेव अरण्य क्षेत्र में जंगलों में पेड़ों की कटाई को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, आदिवासी हितैषी होने का ढोंग करने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता, भाजपा सरकार बनते ही तेजी से कट रहे हसदेव अरण्य के जंगलों पर अपना स्टैंड क्लीयर करें।

वहीं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा, हसदेव में जंगलों को सफाचट मैदान में बदलने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव जनता को जवाब दें। आखिरकार राहुल गांधी, अशोक गहलोत और इन दोनों कांग्रेस नेताओं के बीच क्या डील हुई कि तत्काल जंगल कटाई के लिए





अनुमति दे दी गई। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के संरक्षण में अडानी की कंपनी हसदेव अरण्य में जंगलों की कटाई कर रहा है। हसदेव को बचाने के लिए आंदोलन कर रहे आदिवासियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल में बंद कर रही है। दुर्भाग्य की बात है राज्य का मुखिया आदिवासी होने के बावजूद भी आदिवासियों की मांग को सुना नहीं जा रहा है। वनमंत्री केदार कश्यप को फाइल देखने की आवश्यकता नहीं है, कांग्रेस की सरकार ने विधानसभा में संकल्प पारित कर हसदेव अरण्य क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा कोल खनन के लिए जो नीलामी की गई है, उसे निरस्त करने की मांग की गई है। कांग्रेस के सरकार ने हसदेव अरण्य क्षेत्र में वन कटाई पर कड़ाई से रोक लगाई थी।

#### पेड़ों की कटाई पर जवाब दें भूपेश, सिंहदेव : सौरभ


भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सौरभ सिंह ने कहा, जब सिंहदेव उपमुख्यमंत्री नहीं बने थे, तब कहा करते थे कि हसदेव के जंगल को बचाने के लिए लाठी गोली खाने तैयार हैं। यदि गोली चली, तो पहली गोली अपने सीने पर झेलेंगे। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहा करते थे कि पेड़ तो क्या एक डंगाल तक नहीं कटेगी। फिर अचानक क्या हुआ राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, सिंहदेव के बीच कौन सी संधि हो गई कि जंगल कटाई की इजाजत दे दी और सिंहदेव ने अपने मुंह पर ताला लगा दिया। छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है कि आखिर कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता के साथ यह धोखेबाजी क्यों की।

#### जंगल कटाई की अनुमति की करेंगे समीक्षा

भाजपा संभाग प्रभारी सौरभ सिंह ने कहा कि कांग्रेस दो मुंही राजनीतिक की आदी है। सत्ता में रहते हुए खुद जंगल कटवाती है और विपक्ष में होने पर हल्ला मचाती है। हसदेव के जंगल काटने की अनुमति भाजपा नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार ने दी है। हम तो भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता पर अकारण थोपा गया एक लाख करोड़ रुपये का कर्ज पटा ही रहे हैं। भूपेश सरकार द्वारा दी गई जंगल कटाई की अनुमति की भी समीक्षा करके जनहित में निर्णय लेंगे।

### स्कूल जनभागीदारी समिति ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला विकास एवं जनभागीदारी समिति शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 टिकरापारा के अध्यक्ष दयाराम मेंढे ने सोमवार को स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान शाला में कॉमर्स विषय के साथ कला, विज्ञान एवं गृह विज्ञान विषय की सुविधा की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। साथ ही इस विषयों के अध्ययन के लिए आवश्यक शिक्षकों की व्यवस्था कराने तथा टिकरापारा के आसपास लगे क्षेत्र के गरीब, मजदूर, मध्यमवर्गीय निवासियों को बेहतर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल खोलने का प्रयास करने की भी मांग की है। जिस पर मंत्री ने दोनों मांगों को स्वीकृत कर प्रारंभ करने का भरोसा दिया। ज्ञापन देने वालों में स्कूल के स्टॉफ और अन्य लोग शामिल थे।



## खबर संक्षेप



### बैडमिंटन चैंपियनशिप में बीएसपी उपविजेता

**भिलाई।** बोकारो में खेली जा रही है सेल बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में भिलाई स्टील प्लांट की बैडमिंटन टीम को उप विजेता का खिताब प्राप्त हुआ। सोमवार को खेलें गए फाइनल मुकाबले में बोकारो स्टील प्लांट ने भिलाई स्टील प्लांट को 2-1 से हराकार ख़िताब पर कब्ज़ा बरकरार रखा। बीएसपी की टीम में वेद प्रकाश तिवारी, कपिल नायडू, विजय भानु, प्रवीण उपाध्याय कोच, मो.सलीम कुरेशी मैनेजर शामिल थे।

### बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाला 3 साल बाद पकड़ाया

**भिलाई।** बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने तीन साल बाद गिरफ्तार किया है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र का है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि घोरमारा थाना मोहनपुर जिला देवघर झारखंड निवासी प्रशांत मंडल बैंक अधिकारी बनकर चौहान टाउन निवासी सईद ख्वाजा के मोबाइल पर वर्ष 2020 में कॉल किया था। पीड़ित का नेहरु नगर में एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक का खाता है। जिसका आरोपी प्रशांत ने ओटीपी हासिल कर एसबीआई बैंक खाते से 4 लाख 80 हजार 432 रुपए और आईसीआईसीआई से 12 लाख 65 हजार रुपए ठगी कर लिया। दोनों खातों से आरोपी प्रशांत मंडल 17 लाख 55 हजार 425 रुपए पार किया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही है। आरोपी प्रशांत मंडल को कोकर रांची से पकड़ा गया। आरोपी का मोबाइल टावर लोकेशन से उसकी सारी जानकारी पुलिस को मिल पाई। कोतवाली टीआई तपेशवर सिंह नेताम की टीम का अहम रोल रहा है।

### शानदार निशाना लगाकर कंपाउंड इवेंट में अभी खत्री ने किया प्रथम स्थान प्राप्त



**रायपुर।** तीरंदाजी की कंपाउंड इवेंट की प्रतियोगिता सोमवार को हुई है। इसमें विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें रैंकिंग राउंड (60 मीटर+ 60 मीटर) में दिल्ली के अभी खत्री प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार मानव जाधव द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान पर गणेश मनी रहे। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर दिल्ली की ऐश्वर्या शर्मा, द्वितीय दिल्ली की कुमुद सैनी और तृतीय स्थान पर आंध्रप्रदेश के बी नागा साई रहे। सोमवार की प्रतियोगिता के आधार पर मंगलवार की प्रतियोगिता में टीम इवेंट और मिक्स इवेंट होंगे और विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनकर सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक के लिए अभी खत्री और मानव यादव की भिड़ंत होगी। वही बालिका वर्ग में रानी और अदिति कुमारी के बीच मुकाबला होगा।

# समाज के प्रति दायित्वों को निभाने की प्रेरणा मिलती है: कोसरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## छत्तीसगढ़िया रेलवे कर्मचारी अधिकारी संगठन का पारिवारिक मिलन समारोह



छत्तीसगढ़ियां रेल्वे कर्मचारी अधिकारी संगठन रनिंग ब्रांच से लोको पायलट व ट्रैन मैनेजर ने वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह रविवार को सांस्कृतिक भवन चरोदा में मनाया गया। श्रीराम भगवान की विशेष आरती की गई। मुख्य अतिथि महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि संगठन के कार्यों से सभी को एकजुटता, समाज के प्रति दायित्वों को निभाने की प्रेरणा मिलती है। कोसरे द्वारा अपने तरफ से संगठन को हरसम्भव सहायता करने की घोषणा की। अध्यक्षता वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता बीएन पटेल, राजीव सोनी ने किया। प्रतिभावान छात्रों का सम्मान कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

छालीवुड के कलाकार दिलेश साहू, उपासना वैष्णव, जीत शर्मा अपनी फिल्म के प्रमोशन भी की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के ब्यूटी आइकॉन मिसेज एशिया व मिसेज इंडिया पूर्व विजेता शिखा साहू के अलावा रायपुर, दुर्ग व बीएमवाय के तीनों चीफ क्रू कंट्रोलर भोली चौधरी, राहुल प्रधान व एस के त्रिपाठी मौजूद थे। संगठन से मंडल प्रभारी संदीप साहू, मंडल अध्यक्ष तीजराम वर्मा, शाखा अध्यक्ष ए आर तारम, संरक्षक ए के कश्यप, चीफ लोको इंस्पेक्टर बीके आदि उपस्थित थे।

# देवबलौदा से शुरू हुई संकल्प यात्रा

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा में देवबलोदा वार्ड से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत किया गया। इस दौरान वार्ड 32, देवबलोदा बस्ती से संकल्प यात्रा रथ के शिविर स्थल पर पहुंचते ही लोग उत्सुकता से इंतजार करते रहे भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र में अगले तीन दिनों तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के अनुक्रम में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प

रथम दिवस देवबलोदा के बाजार चौक में शिविर आयोजित किया गयो। जिसमें वार्ड 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37 वार्ड के नागरिकों ने भाग लिया। निगम द्वारा शिविर में आधार, स्वास्थ्य, राजस्व, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना सहित महिला बाल विकास के स्टॉल लगाए गए हैं। मंगलवार 9 जनवरी को निगम क्षेत्र में दो स्थानों पर शिविर किया जाएगा। भारत संकल्प यात्रा में चंद्रप्रकाश पांडेय, नंदिनी जांगडे, ललित यादव, कामता साहू पार्षद, राम सूर्यवंशी समेत निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी मौके पर मौजूद थे।

## विडंबना : नौ माह पूर्व भोपाल में गूंजा था तंबूरा, बेड पर ही सिमटी जिंदगी

# तीजन बाई की बिगड़ती सेहत को सरकार की संजीवनी की दरकार

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई

## पांच महीने से घर नहीं आए डॉक्टर, परिजनों और कलाकारों ने की बेहतर इलाज की गुहार





गांव की धूलभरी तंग गली के किनारे एक साधारण मकान के बरामदे में पसरी उदासी और कम हवादार और मद्धिम प्रकाश वाले छोटे कमरे में दर्दभरी खामोशी... पलंग पर दिन प्रति दिन कमजोर होती कंबल में लिपटी काया... अपनों को पहचानने की कोशिश में माथे पर घनी होतीं सिलवटें.. दरवाजे की ओर निराशा में डूबी निगाहों को मूर्छा में पड़े लक्ष्मण के लिए संजीवनी बूटी लाने वाले संकटमोचक हनुमान की तरह आज के भगवान की आस... और रोज नई उम्मीद बंधाते परिवार वाले..।

अपने गांव गनियारी में अपनी गिरती सेहत के चलते आस निरास के दो पाटन में झूलतीं प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई का तंबूरा आधा बरस से खामोश है। गिरते स्वास्थ्य और चिंता के बीच आठ महीने पहले भोपाल में उनके आखिरी कार्यक्रम के पंडवानी के कुछ अस्पष्ट बोल अभी भी उनके जेहन और परिजनों की की सुनहरी यादों में गूंज रहे हैं- ए दे भैया गा मोर,ए दे बहिनी ओ मोर..., अपन धरम अउ करम निभा के गंगापुत्र भीष्म पितामह बाणे शैया मा लेटे हे जी..। अउ दूर खड़े बांके बिहारी हा.., भाग्य के खेल ला देखते हे, देखत हे अऊ सोचत हे जी...। आधी सदी से अधिक समय से अपने जादुई पंडवानी गायन से देश दुनिया में छत्तीसगढ़ की माटी का मान बढ़ाने वालीं पद्मविभूषण व 5 विश्वविद्यालयों से डाक्टर की मानद उपाधि से सम्मानित उम्रदराज पंडवानी गुरु डां. तीजन बाई पिछले 7 महीने से निरंतर गिरते स्वास्थ्य के बीच जिंदगी और बेहतर स्वास्थ्य के लिए संघर्ष कर रही हैं। लेकिन जिस कला साधना और समर्पण से उन्होंने शिवनाथ से टेम्स तक दीर्घ कला अवदान दिया, परिजनों और कलाकारों लगता है कि इस अमूल्य योगदान को केंद्र, राज्य सरकार, भिलाई इस्पात संयंत्र और कर्णधार जागरुक जन प्रतिनिधियों ने भुला दिया है। इसका प्रमाण अपने गृहग्राम गनियारी में छह माह से बिस्तर की होकर रह गईं तीजन बाई की गिरती सेहत है। वे बेहतर इलाज के लिए तरस रही हैं। जून महीने 2023 में उनकी नाजुक स्थिति के मीडिया के हो हल्ला के बाद पखवाड़ेभर तक तत्कालीन राज्य शासन व सेक्टर 9 अस्पताल के डाक्टरों द्वारा घर पहुंच उपचार उपलब्ध कराने के बाद पिछले छह महीने से उपचार बंद कर दिया गया है। परिजनों ने बताया कि 5 माह से सतत इलाज व डाक्टरों के नियमित चेकअप के अभाव में स्वास्थ्य व शरीर दुर्बल होता जा रहा है। बिस्तर पर ही पड़े रहेन मजबूर हैं और ठीक से खड़ी नहीं हो सकतीं । खाना पीना कम होते जाने के साथ बोलने व लोगों को पहचाने में भी दिक्कत होती है। दोनों बेटों की मृत्यु और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने से परिवार को बेहतर इलाज के लिए जूझना पड़ रहा है। परिजनों व कलाकारों ने बताया कि घर पर ही गंभीरता से सरकार बेहतर इलाज उपलब्ध करवाए तो पंडवानी गायिका न सिर्फ फिर से स्वस्थ हो सकती हैं बल्कि उनका तंबूरा भी फिर से गूंज सकता है। परिजन अपने स्तर पर उपचार व देखभाल कर रहे हैं।

### पुत्र की मौत के सदमे से पैरालाइज अटैक

मुफलिसी और अनपढ़ होते हुए भी गनियारी जैसे छोटे से गांव से मात्र दस साल की उम्र से 60 साल तक पंडवानी साधना करने वालीं तीजन बाई के लिए 27 मई 2023 का दिन दोहरा सदमा लेकर आया। उनके पुत्र की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु से उन्हें 30 मई को पैरालाइज अटैक आया। पखवाड़ेभर तक तक गंभीर स्थिति होने तथा इसकी खबर अखबारों में आने के बाद जून में शासन, प्रशासन व बीएसपी जागा और सीएम भूपेश बघेल के निर्देश पर तीजन बाई को सेक्टर 9 अस्पताल में पांच दिन दाखिले के परिजनों के आग्रह पर घर पर ही दस पंद्रह दिनों तक डाक्टर दवा व फीजियोथेरेपी आदि से उपचार देते रहे। लेकिन इसके बाद डाक्टरों का आना बंद हो गया। परिजनों ने बताया कि पिछले तीन चार महीने से तबियत बिगड़ते जा रही है । वे पैरालाइज के साथ हार्ट की भी मरीज हैं। उल्लेखनीय है कि 7 जनवरी को देशव्यापी सांस्कृतिक यात्रा के दौरान जब कलाकारों ने गनियारी में बेड पर पड़ीं इलाज के लिए तरसतीं तीजन बाई की दयनीत हालत देखी तो हैरान रह गए। कलाकारों ने बताया कि जिस महान लोककलाकार ने सांस्कृतिक दूत की तरह अपने शहर, प्रदेश व देश का नाम रोशन करने अपना पूरा जीवन होम कर दिया, उनका जीवन बचाने के लिए तत्काल राज्य व केंद्र सरकार के साथ बीएसपी को संवेदना दिखाते हुए गंभीरता से बेहतर व सतत इलाज की जीवंतता दिखाने की जरुरत है। इप्टा के प्रांतीय अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी व इप्टा बिलासपुर के अध्यक्ष सचिन शर्मा सहित यात्रा में शामिल सैकड़ों कलाकारों ने सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका व छग की सांस्कृतिक धरोहर तीजन बाई के तत्काल बेहतर इलाज करवाने का आग्रह सरकार और सक्षम संस्थानों से किया है।

## कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार ने की कार्रवाई

# अवैध रेत परिवहन करते 2 हाइवा जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

रेत से भरे दो हाइवा को प्रशासन की टीम ने जप्त किया है। चंदखुरी के पास धमतरी से आ रही रेत की हाईवा को रोककर अफसरो ने वैध पर्ची की जांच की तो इस दौरान वाहन चालक के पास दस्तावेज नही थे। जिसके चलते गाडी जब्त कर पुलगांव थाने के अभिरक्षा में भेज दिया गया है। कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी व एसडीएम मुकेश रावटे के निर्देश पर दुर्ग अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध रेत परिवहन करते हुए दो हाईवा को ग्राम चंदखूरी में जब्त किया। श्री गुप्ता भ्रमण के दौरान धान खरीदी केंद्र कोलिहापुरी, चंदखूरी के निरीक्षण पर निकले थे। उक्त खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के पश्चात चंदखूरी मार्ग में दो हाईवा जिसमे रेत भरा हुआ था। जिसे रोका और दस्तावेज पेश करने कहा। ड्राइवर द्वारा रेत परिवहन संबंधी कोई दस्तावेज मौके पर पेश नही किए जाने पर उक्त दोनो रेट से भरे हाईवा को मौके पर ही जब्ती की कार्यवाही की और विस्तृत जांच होते तक थाना पुलगांव के अभिरक्षा में रखवाया गया। अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने बताया कि, उक्त दोनो हाईवा में रेत धमतरी से लाया जा रहा था। जिसे वैध दस्तावेज के अभाव में जब्त किया गया है। विस्तृत जांच के पश्चात आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

### तारकेश्वर अध्यक्ष और भागवत सचिव बने





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कनौजिया सोनार समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने अपने कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के रुप में तारकेश्वर प्रसाद स्वर्णकार , उपाध्यक्ष राजेन्द्र सोनी,सचिव भागवत सोनी, संयुक्त सचिव संजू सोनी, सलाहकार सेवकराम सोनी, मीडिया भानूप्रताप स्वर्णकार और कार्यकारणी में ओंकार सोनी को बनाया गया है। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है।

# कृष्णा नगर में माता-उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



▪ खेलों के लिए विद्यार्थी व माताएं हुई पुरस्कृत

शासकीय शाला संकुल कृष्णा नगर में नव-वर्ष के उपलक्ष्य में पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विभाग द्वारा माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम, रंगोली एवं कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा जिला मिशन समन्वयक सुरेंद्र पांडे, बीडीओ गोविंद साव एवं समग्र शिक्षा एसीपी विवेक शर्मा इस कार्यक्रम में अतिथि थे। माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत शाला के विद्यार्थियों की माताओं के विभिन्न सरल खेलों के माध्यम से बच्चों को घर पर खेल-खेल में पढ़ना लिखना सीखने-समझने के तरीके बताए गए। खेलों को अच्छी तरह खेलने एवं सीखने वाली माताओं नोन्हाड़े एवं श्रीमती ईश्वरी साहू को क्रमशः मिडिल एवं प्राथमिक शाला में स्मार्ट माता घोषित कर अतिथियों द्वारा उनका मुकुट एवं सैश पहनाकर सम्मान किया गया। 'कबाड़ से जुगाड़' के अंतर्गत शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग कर उनसे विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक उपयोग के चार्ट, प्रतिरूप एवं आकृतियां बनाकर उनकी प्रदर्शनी लगाई गयी। अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी एवं छात्राओं के रंगोली प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया । इस कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य डॉ. शिखा तिवारी, शालेय समितियों के अध्यक्ष राजेंद्र महिलांगे, मदन सेन एवं महावीर वर्मा के साथ संकुल समन्वयक रामकुमार चंद्राकर प्रधान पाठक शुभ्रा भट्टाचार्जी, प्रशांत देशपांडे एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे।

# अस्पताल में गंदा बिस्तर देख कलेक्टर नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

▪ मरीजों एवं उनके परिजनों से भी की चर्चा

जिले में नवपदस्थ कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी सात जनवरी की आधी रात जिला अस्पताल पहुंची। उनके दबिश से अस्पताल प्रशासन के बीच खलबली मची रही। इस दौरान उन्होने अस्पताल के सभी सेवाओं की निरिक्षण किया। इस दौरान मरीजों की बैड सीट गंदे होने पर नाराज हुई। कलेक्टर ने कहा कि, बैडसीट सात कलर कोडेड बैंड सीट की व्यवस्था करे। वही उन्होने एनआरसी में फाइल मेंटेन नही करने पर भी नाराजगी जताई।

रविवार रात्रि 9 बजे जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के आपातकालीन विभाग, समस्त सर्जिकल वार्ड, शिशु वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, पोषण पुनर्वास केंद्र, गायेनक वार्ड का भ्रमण किया और यहां भर्ती मरीजों एवं संबंधित चिकित्सकों से मरीजों के इलाज के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही चिकित्सकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लैब और ब्लड बैंक की कार्य प्रणाली भी देखी। अस्पताल में साफ सफाई, चिकित्सकों की उपलब्धता एवं इलाज अच्छा पाया गया। अस्पताल के मातृ शिशु भवन के भूतल के पब्लिक शौचालय में जल रिसाव की शिकायत का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए गए, ऐसे मरीज, परिजन जो अस्पताल में अधिक दिनों तक भर्ती है उनके वाहनों की पार्किंग के लिए पास सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि वार्डों के बेडशीट प्रतिदिन चेंज की जाए एवं 7 कलर कोडेड बेडशीट की व्यवस्था की जाए। इसी प्रकार एसएनसीयू में भर्ती मरीजों की ट्राईएज के अनुसार कलर कोडिंग की जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरुण साहू, रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर सह अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश यादव, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आर के मल्होत्रा, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र साहू, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. सरिता मिंज, पैथोलॉजिस्ट डॉ. नेहा नलवाया, अस्पताल सलाहकार डॉ. सौरभ कोचर, एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पेज 9 का शेष

### लंबित प्रकरणों का ...

उन्होंने अधिकारीयों से कहा की शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाएं व स्वास्थ्य व अन्य योजनाओं की जानकारी दें। उज्ज्वला गैस के छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन करें। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं, इसलिए उनकी अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहें। **राजस्व प्रकरण जल्द निपटाएं :** बैठक में जिलाधीश ने कहा की धान बोनस की राशि जिन किसानों के खाते में नही गई है उसका कारण पता करके उसको एक सप्ताह में पूर्ण करें । राजस्व प्रकरणों के मामलों में विवादित, अविवादित नामांतरण सीमांकन, खाता विभाजन, समय सीमा के प्रकरण, सहित अन्य प्रकरणों को जल्द से जल्द निपटाएं। अविवादित नामांतरण के प्रकरण अनावश्यक रूप से समय सीमा से बाहर नहीं होना चाहिए, सभी राजस्व अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने बैठक में स्लम पट्टों पर भूमि स्वामी अधिकार संबंधित आवेदनों का निराकरण, शासकीय भूमि का आवंटन, व्यवस्थापन, निकायों की सम्पत्ति विक्रय से प्राप्त आय की स्थिति, नजूल भूमि का आवंटन/व्यवस्थापन, अवैध निर्माण का नियमितिकरण, आवासीय भूमि पर व्यावसायिक गतिविधियों का नियमितिकरण आदि के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक मे सीईओ जिला पंचायत, अपर कलेक्टर डा. अनिल बाजपेयी, सी.एल. मार्कण्डेय, संयुक्त कलेक्टर उमा शंकर बंदे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री सुरुचि सिंह, विश्वास राव मस्के, युगल किशोर उर्वशा, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम व चारों ब्लॉक के जनपद सी.ई.ओ. सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया देखी

# आयुक्त ध्रुव ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



निगमायुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सोमवार को मॉर्निंग विजिट के दौरान 66 एवं 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फिल्टर बेड, एरीएशन चेंबर, वाश वाटर एवं फिल्टर प्लांट के अन्य स्थानों में पहुंचकर जल शुद्धिकरण के लिए अपनाए जा रहे पूरे कार्यों का अवलोकन कर सम्पूर्ण प्रक्रिया को जाना। जल शुद्धीकरण की प्रत्येक विधि का जायजा लेते हुए, निगम क्षेत्र के हर वार्ड में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था निरंतरता बनी रहे इसके लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। फिल्टर प्लांट के लैब में पहुंचकर केमिस्ट से चर्चा करते हुए उन्होंने पानी में पाए जाने वाले तत्वों और टर्बिडिटी की जांच को गंभीरता से करने के निर्देश दिए।

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिलता रहे इसके लिए जलकार्य विभाग की टीम पूरी मुस्तैदी से अपने कार्य में जुटी हुई है। कहीं भी विशुद्ध पानी न पहुंचे इसके लिए पानी सेंपल जांच के साथ ही सभी जोन क्षेत्रों से रेंडम जांच करने के निर्देश भी निगम आयुक्त श्री ध्रुव ने दिए। कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि आयुक्त ने फिल्टर प्लांट मे शिवनाथ नदी से आने वाले पानी से लेकर डिस्ट्रीब्यूशन वाटर के सैंपल तक की प्रक्रिया का अवलोकन किए। जल शुद्धिकरण के इस्तेमाल में उपयोग होने वाले क्लोरीन, ब्लीचिंग एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी ली।

### रोस्टर अनुरूप हो सफाई

निगम आयुक्त ध्रुव मॉर्निंग विजिट के दौरान वार्ड 29 वृंदा नगर पहुंचे जहां अटल आवास में बैकलाइन सफाई कार्य को देखे और सफाई को नियमित करने कहा, उन्होंने सफाई कराने वाली एजेंसी व जोन के स्वास्थ्य अधिकारी को हर वार्ड में रोस्टर के अनुरूप सफाई करने के निर्देश दिए। विजिट के दौरान आयुक्त से वार्ड के नागरिकों ने चर्चा में कुछ क्षेत्रों में नल से पानी लो प्रेशर से आने की जानकारी दिए जिस पर निगम आयुक्त ने उस क्षेत्र में बिछे हुए पाइपलाईन का सर्वे कर लो प्रेशर की समस्या का निराकरण करने का निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक-दो स्थान पर सी एण्ड डी वेस्ट रखे जाने को लेकर जोन के स्वास्थ्य अमले को फटकार लगाते हुए तत्काल फाइन काटने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव, जोन आयुक्त येशा लहरे आदि उपस्थित थे।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### मंत्री बृजमोहन को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** अपनी समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ अधिकारी एवं प्राध्यापक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से सातवें वेतनमान, 'के' डिपॉजिट के एरियर्स का भुगतान, प्राध्यापक से प्राचार्य तथा सहायक प्राध्यापक से प्राध्यापक पद पर पदोन्नति, क्रीड़ा अधिकारी एवं ग्रंथपाल की सेवानिवृत्ति आयु 62 से 65 करने के लिए, एजीपी एवं पेंशन निराकरण शीघ्र करने के लिए ज्ञापन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. अशोक शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. केके बिंदल, डॉ. सुभद्रा राठौर, डॉ. तपेश गुप्ता, डॉ. राजेश शुक्ला, ध्रुव पांडे, रामानंद यादव, विपिन शर्मा, जेएन वर्मा, प्रीति शर्मा, प्रमोद मेने, अजीत हुंडेत, अभया जोगलेकर, रूपेंद्र चौहान, रविंद्र नाथ मिश्रा, रश्मि मिंज, नंदा गुरवारा, वासु वर्मा सहित प्राध्यापक शामिल थे।

### यादव समाज ने किया कैलेंडर का विमोचन



**रायपुर।** जीई रोड स्थित शहीद स्मारक भवन में रविवार को यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसी दौरान छत्तीसगढ़ यादव समाज और प्रगतिशील यादव महासंघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन किया गया। महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि वैवाहिक रिश्ते समागम पूर्व महासंघ के कार्यालय में वर्ष 2024 में किए जाने वाले अभिनव और सकारात्मक सामाजिक सरोकार संबंधी सेवा कार्यों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श हुआ। विमोचन के अवसर पर सुधीर यादव, जितेंद्र बहादुर यादव, अनूप यदु, राजेश यादव, जनक यादव, अशोक यादव, डॉ. ममता यादव, रविंद्र सिंह यादव, सूरज यादव, डॉ. एनपी यादव, तीरथराम यादव, रमेश यादव, जगदीश यादव आदि उपस्थित थे।

### भोईपारा में तीन दिवसीय वर्सी महोत्सव 12 से

**रायपुर।** गुरु नवनाथ मढ़ी भोईपारा में तीन दिवसीय 12 से 14 जनवरी तक धूमधाम से वर्सी महोत्सव मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम नाथ संप्रदाय के योगी महाराज के सानिध्य में होगा, जिसमें संतों की शीतल वाणी एवं भजन-कीर्तन द्वारा सत्संग को निहाल किया जाएगा। भवानी मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि 12 जनवरी को सुबह 10 बजे गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह स्थापना योगी शमशेरनाथ, योगी फूलनाथ एवं योगी किशननाथ के सानिध्य में होगी। साथ ही शाम 4 बजे से कार्यक्रम में ईष्ट आराध्य देव झूलेलाल सांईजी का बहराणा साहेब एवं मशहूर संगीत पार्टी दीपक उदासी का कार्यक्रम होगा। साथ ही आम भंडारा का आयोजन भी रखा गया है।

### बदमाशों के खिलाफ मुहिम चलाकर कार्रवाई

**रायपुर।** अपराध पर अंकुश लगाने एसएसपी के निर्देश पर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर सौ से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनमें से आठ लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट तथा सौ से ज्यादा लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार 14 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से 52 लीटर देशी तथा 12 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। इसी तरह से आठ लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से साढ़े 12 किलो गांजा तथा 840 नाइट्रोसेन टेबलेट के साथ 10 अन्य प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की गई है। मादक पदार्थ की अवैध बिक्री करने वालों की पुलिस ने चार दोपहिया जब्त की है।

# नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारियों ने मांगा नियमितीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक में लिया निर्णय
- 100 दिन में नियमित नहीं करने पर राजधानी में देंगे महाधरना

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की प्रदेशस्तरीय बैठक में निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग बुलंद की।

ठेका प्रथा बंद कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को एक निश्चित अवधि में नियमित करने की मांग करते हुए महासंघ ने यह निर्णय लिया कि भाजपा सरकार 100 दिन के भीतर नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारियों को यदि नियमित नहीं करती, तो निकायों के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी रायपुर में महाधरना देंगे। प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे ने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ मुखर धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा सरकार के 100 दिनों की मोदी गारंटी का इंतजार कर रहे हैं। इस अवधि में नियमितीकरण नहीं होने पर महा धरना दिया जाएगा। भाजपा सरकार के 100 दिनों की मोदी गारंटी में प्रदेशभर के नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारियों की आस टिकी हुई है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में वादा खिलाफी को लेकर धरना प्रदर्शन कर विरोध जताने वाले निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी लंबित मांग को लेकर लामबंद हुए हैं। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की सोमवार को प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित हुई।

इसमें प्रदेशभर से प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में निकायों में ठेका प्रथा बंद कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को एक निश्चित समय अवधि में नियमित किए जाने आवाज बुलंद की। इस मौके पर नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने आपस में रायशुमारी कर महासंघ के माध्यम से 10 बिंदुओं पर अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया।



## प्रस्ताव की प्रमुख बातें

- नगरीय निकायों में प्लेसमेंट, आउटसोर्सिंग का सिस्टम बंद किया जावे।
- निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को एकमुश्त संविदा दर पर रखा जावे।
- निकायों में कार्यरत अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल, उच्च कुशल कर्मचारियों का निकाय में समायोजन कर कलेक्टर, श्रम दर के अनुसार वेतन भुगतान हो।
- निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों को 62 वर्ष तक नौकरी की सुरक्षा प्रदान की जावे।
- निकायों में 5 से 10 वर्षों से निरंतर कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित किया जावे।
- प्लेसमेंट कर्मचारियों का न्यूनतम 18 हजार वेतन निर्धारित हो तथा प्रत्येक वर्ष 5 फीसदी वेतन वृद्धि का सुझाव।
- बिना किसी ठोस कारण के नौकरी से पृथक न किया जावे।
- चिकित्सा सुविधा, सार्वजनिक, अर्जित, आकस्मिक, चिकित्सा अवकाश, ग्रेजुएटी, अनुकंपा नियुक्ति जैसी सुविधा मिले।
- 5 लाख का बीमा कवरेज दिया जावे।
- आकस्मिक निधन होने पर 5 लाख की अनुग्रह राशि प्रदान की जावे।

## खरीद केंद्रों से संग्रहण केंद्रों में नहीं जा रहा है धान

# धान खरीद केंद्रों में लगा ढेर, परिवहन धीमा उठाव तेजी से नहीं हुआ तो खरीदी होगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच अब तक उपार्जन केंद्रों से धान का परिवहन खरीदी के अनुपात में नहीं हो पाया है। यही कारण है कि राज्य के अधिकतर धान उपार्जन केंद्रों में धान का ढेर लगा हुआ है। जानकारों का कहना है कि अगर सोसाइटियों से धान तेजी से नहीं उठाया गया, तो आने वाले दिनों में खरीदी प्रभावित होना तय है। हालांकि राज्य सरकार ने धान उपार्जन नीति में स्पष्ट किया है कि खरीदी केंद्रों में धान का बफर स्टॉक की सीमा से ज्यादा होने पर 72 घंटे के भीतर उसका उठाव कराया जाए।

### तीन जिलों से ही संग्रहण केंद्र को भेजा गया धान

राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था इस तरह है कि उपार्जन केंद्रों यानी खरीदी केंद्रों में धान खरीदा जाता है। इसके बाद यहीं से मिलरों को मिलिंग के लिए धान दिए जाने के साथ ही मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों को धान भेजा जाता है। फिलहाल खरीदी केंद्रों से मिलरों को धान तो दिया जा रहा है, लेकिन संग्रहण केंद्रों में धान परिवहन बेहद धीमा है। अब तक गिने चुने संग्रहण केंद्रों में ही धान भेजा गया है। इनमें कोंडागांव, सुकमा, मोहला मानपुर, जिले से ही धान संग्रहण केंद्र में गया है। इसकी कुल मात्रा केवल 5 हजार 387 मीट्रिक टन है।

### केवल तीन जिलों से भेजा गया है 5 हजार 387 टन धान



### खरीदी केंद्रों में जमा है बड़ी मात्रा में धान

छत्तीसगढ़ के धान उपार्जन (खरीद) केंद्रों में इस समय धान की बड़ी मात्रा जमा है। जानकारों के मुताबिक सैकड़ों सोसाइटियों में जमा धान बफर स्टॉक की लिमिट पार कर चुका है, लेकिन यहां से उठाव की रफ्तार एकदम धीमी है। हालत ये है कि उपार्जन केंद्रों में 31 लाख 94 हजार 335 मीट्रिक टन धान जमा है। सोसाइटियों से मिली जानकारी के अनुसार रोजाना खरीदी के अनुपात में धान का परिवहन बहु कम है।

### मिलरों को दिया गया है 54 हजार मीट्रिक टन

खरीदी केंद्रों से मिलरों को धान दिए जाने की स्थिति ठीक है। बताया गया है कि राज्यभर के खरीद केंद्रों से मिलरों को अब तक 54 लाख 52 हजार 994 मीट्रिक टन धान दिया जा चुका है। मिलर धान उठाने के बाद उसकी मिलिंग करके राज्य कोटे के लिए नागरिक आपूर्ति निगम और सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई में चावल जमा कराते हैं। जानकारों का कहना है कि मार्कफेड से संग्रहण केंद्रों में धान परिवहन तेजी से किया गया, तो सोसाइटियों में स्थिति संतुलित हो जाएगी। अगर जल्द ऐसा नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में सोसाइटियों में धान खरीदी बंद करनी पड़ सकती है।

### अब तक 86 लाख मीट्रिक टन की खरीदी

राज्य में 1 नवंबर 2023 से जारी धान खरीदी के बीच अब तक राज्य के सभी जिलों में कुल मिलाकर 86 लाख 52 हजार 717 मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है। पूर्ववर्ती सरकार ने 20 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा था, लेकिन इसके बाद दिसंबर में बनी भाजपा सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से खरीदी का आदेश जारी किया। जानकारों के अनुसार इस हिसाब के धान खरीदी कम से कम 155 लाख मीट्रिक टन हो सकती है।

# कांग्रेसजनों ने किया दीपक बैज का स्वागत



**बेमेतरा/नारायणपुर।** पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का रविवार को ग्राम नारायणपुर चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। बता दें कि दीपक बैज रायपुर-बिलासपुर सड़क मार्ग से हसदेव अभ्यारण जाते समय कुछ समय के लिए नारायणपुर चौक में रुके व कांग्रेस पदाधिकारी से मुलाकात की व साथ ही राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की। इस दौरान अंजली सतीश मारकंडे, झमन बघेल, परमेश्वर मिरी, सुशील साहू, चोला राम वर्मा, प्रमोद वर्मा, सहोरिक साहू, परमेश्वर वर्मा, डॉ. प्रमोद शर्मा, लोकेश्वर सोनवानी, सहित कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## कलेक्टर ने दिया बेरोजगार दंपति को नौकरी का प्रस्ताव

**रायपुर।** कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित कलेक्टर जनचौपाल में ऐसा पहली बार देखा गया कि कलेक्टर ने किसी बेरोजगार व्यक्ति की बेरोजगारी का दुखड़ा सुनकर उसके साथ उसकी पत्नी को तत्काल नौकरी देने का प्रस्ताव दे दिया। इस प्रस्ताव को व्यक्ति ने भी खुशी-खुशी स्वीकार कर लिया। दोनों की शैक्षणिक योग्यता नौकरी के अनुकूल पाई गई है, जिसके बाद दोनों को नौकरी देने का निर्णय लिया गया है। हालांकि नियुक्ति से पहले दंपति के शैक्षणिक दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाएगा। राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने आम लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जनचौपाल लगाई। इस दौरान अपनी जमीन संबंधी समस्या लेकर पहुंचे ग्राम हसदा निवासी विवेक साहू ने कलेक्टर को आवेदन देने के साथ अपनी शैक्षणिक योग्यता के साथ बेरोजगार होने की भी जानकारी दी। कलेक्टर ने इस पर तत्काल पहल करते हुए कलेक्टोरेट मल्टीलेबल पार्किंग स्थित बीपीओ कॉल सेंटर के इंचार्ज को बुलवाया।

# विधायक मिश्रा ने किया चैंबर प्रीमियर लीग का शुभारंभ



- सुभाष स्टेडियम में 8 से 20 जनवरी तक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सुभाष स्टेडियम में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित चैंबर प्रीमियर लीग का शुभारंभ रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्रिकेट में भारत की जान बसती है। खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने प्रीमियर लीग का आयोजन एक अच्छी पहल है। इसके लिए श्री मिश्रा ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका मनोबल भी बढ़ाया।

राजधानी के सुभाष स्टेडियम में 8 जनवरी से 20 जनवरी तक चैंबर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत विधायक पुरंदर मिश्रा के हाथों की गई। इस मौके पर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी सहित चैंबर के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत किया।

अपने उद्बोधन में पुरंदर मिश्रा ने कहा, जीवन में खेल का स्थान बेहद महत्वपूर्ण है। खेल की वजह से ही आपसी सद्भावना और भाईचारा बढ़ता है। यही नहीं, अंजान लोगों से भी पहचान बढ़ती है। इसीलिए जीवन में खेल का होना बेहद जरूरी है।

इस मौके पर चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नरेगा से 19 लाख के नये तालाब खनन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नवागढ़

बेमेतरा जिला के ग्राम पंचायत आंदु में नरेगा से 19 लाख का नया तालाब खनन कार्य होगा।

बुधवार को सरपंच संजय जोशी ने ग्रामीणों के साथ नारियल तोड़ कर भूमिपूजन किया। सरपंच ने बताया की ग्राम पंचायत के अंतर्गत लगातार हर सत्र में नरेगा कार्य को प्राथमिकता दिया जा रहा है। ताकि कृषि कार्य के बाद गांव के लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा की कृषि प्रधान ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण नरेगा कार्य रोजगार का अच्छा विकल्प है। ग्रामीण बड़ी संख्या में नरेगा कार्य का डिमांड पंचायत में किए हैं। इस कारण जनवरी महीने के पहले सप्ताह से ही ग्राम पंचायत आंदु में नरेगा कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

भूमिपूजन में सरपंच के अलावा ग्राम पटेल उमाशंकर यादव, पंच मनोज डेहरे, रोजगार सहायक अशोक ध्रुव, ईश्वरी यादव, देवनाथ यादव, हेमप्रसाद जोशी, कोमल कुर्रे व अन्य हितग्राही उपस्थित रहे।



# पुलिस अधीक्षक ने मातहतों की ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- एसपी ने कहा-शराब, गांजा, नशीली दवाईयों के अवैध बिक्री रोकने उठाएं सख्त कदम

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता ने समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली।

बैठक में अवैध कारोबारियों, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने, लंबित अपराधो, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतो का शीघ्र निराकरण करने तथा लंबित समंस, लंबित वारंट व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर स्थायी वारंट की तामिली किये जाने, असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, पेंशनदारान, 173 (8) के तहत आबकारी एक्ट के प्रकरण में फरार आरोपी एवं 299 के फरार आरोपियों को भी तस्दीक करने, लघु अधिनियम, जिला बदर एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने, कम्यूनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देने, क्षेत्र में हो रहे अपराध नियंत्रण हेतु मुखबीरी/सूत्रों को बनाये रखने, थाना/चौकी प्रभारियो को समाधान शिकायत हेल्प लाईन नंबर 9479257558 में आने वाली शिकायतो पर त्वरित कार्यवाही करने, जप्ती माल की निकाल हर संभव प्रयास कर करने, जप्ती माल एवं थाना के रिकार्ड को व्यवस्थित ढंग से वर्षवार रखने तथा तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए थाना प्रभारी व विवेचको और आरक्षकों को संवेदनशील बनाने, मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, संपत्ति सम्बन्धी अपराधों के आदतन आरोपियों पर पैनी नजर रख सख्त कार्यवाही करने हेतु किया गया निर्देशित। बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, प्रशिक्षु डीएसपी बृज किशोर यादव एवं समस्त थाना व चौकी प्रभारी सहित पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बिलासपुर और जगदलपुर में फरवरी अंत तक काम पूरा करने की हिदायत

# आधा दर्जन विभागों का होगा सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डीके अस्पताल की तर्ज पर बिलासपुर और जगदलपुर में आधा दर्जन विभागों के साथ सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल खोलने की तैयारी तेज कर दी गई है। दोनों अस्पतालों में हृदय, किडनी, मस्तिष्क की नसों तथा यूरिन संबंधित बीमारियों के इलाज की सुविधा दी जाएगी। अस्पताल में डाक्टरों सहित अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था निर्धारित अवधि के भीतर करने मेडिकल कालेज के डीन को अधिकार दिया गया है। दोनों अस्पतालों को सभी संसाधनों से पूरी तरह लैस करना संभव नहीं होगा, इसलिए शुरुआत ओपीडी के संचालन से की जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दोनों अस्पताल की मार्च में शुरुआत को लेकर पिछले दिनों चिकित्सा शिक्षा विभाग को निर्देश जारी किया था। बिलासपुर और जगदलपुर के लोगों को बड़ी बीमारियों के इलाज की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए भवन निर्माण का काम लगभग पूरा किया जा चुका है, शेष कार्यों को फरवरी अंत तक पूरा करने कहा गया है। इसके साथ संबंधित मेडिकल कालेज के अधिष्ठाताओं को संविदा आधार पर चिकित्सकों, पैरामेडिकल सहित अन्य स्टाफ की नियुक्ति करने का अधिकार दिया गया है। दोनों कालेजों में संविदा चिकित्सकों की व्यवस्था के लिए विज्ञापन भी जारी किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक दोनों अस्पतालों में कार्डियोलॉजी, कार्डियो थोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी, न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, नेफ्रोलॉजी तथा यूरोलॉजी विभाग खोले जाएंगे। इन विभागों में मरीजों के इलाज के लिए बड़े पैमाने पर उपकरणों की आवश्यकता होगी, जिसकी व्यवस्था करने में वक्त लगेगा। इसे ध्यान में रखते हुए शुरुआती दौर में चिकित्सकों की व्यवस्था होने के बाद वहां ओपीडी का संचालन किया जाएगा। दोनों सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल का निर्माण केंद्र के लिए केंद्र सरकार द्वारा साठ प्रतिशत राशि उपलब्ध कराई गई है।




### आसान नहीं है डाक्टर मिलना

सूत्रों के मुताबिक संचालित दोनों अस्पतालों में सुपरस्पेशलिटी विभाग प्रारंभ करने की मंशा है, मगर इसके लिए विशेषज्ञ डाक्टरों की व्यवस्था करना आसान नहीं होगा। डीके अस्पताल के अलावा आंबेडकर अस्पताल में कुछ सुपर स्पेशलिटी विभाग संचालित होता है। यहां काम करने वाले चिकित्सक दिए जाने वाले वेतन को लेकर असंतुष्ट है और कई इस्तीफा भी दे चुके हैं। सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों को पृथक वेतन का प्रस्ताव शासन के पास लंबित है।

### बड़ी सुविधा मिलेगी

दोनों जिलों में सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल शुरू करने से लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। काम फरवरी अंत तक पूरा करने निर्देशित किया गया है। फैकल्टी व्यवस्था के लिए मेडिकल कालेजों के डीन को अधिकार दिया गया है।

\- डॉ. विष्णु दत्त, संचालक, चिकित्सा शिक्षा

